हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

11 वार्ड 3 में 1.24 करोड़ से होंगे विकास कार्यः विधायक जून



12 अग्रसेन महिला महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह



## खबर संक्षेप



### रविंद्र कादियान बने असिस्टेंट डायरेक्टर

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन किरमाण निवासी रविंद्र कादियान ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनका चयन इंडियन इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट सर्विस में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से जहां गांव में खुशी की लहर है वहीं उनके पिता जगदीश व दादा सुभाष को बधाई देने वालों लोगों का भी तांता लगा है। रविंद्र के दादा सुभाष ने बताया कि उनके पोते ने जेईई एडवांस के बाद आरजीआईपीटी से केमिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। इसके बाद वह इंडियन ऑयल में प्रोडक्शन इंजीनियर के पद पर सेवारत है। रविंद्र के पिता जगदीश रोडवेज विभाग में चालक हैं।

### तीन बच्चों को कराया बाल श्रम मुक्त

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशानुसार ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत तीन बच्चों को बाल श्रम मुक्त कराया गया है। सीजेएम विशाल द्वारा गठित की गई टीम ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव याकूबपुर में चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान तीन बच्चों को बाल श्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया। तीनों बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**झज्जर।** जिले में आगामी नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विभाग, भूमि अधिग्रहण, बिजली व पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा।

### डीघल में वॉलीबाल प्रतियोगिता 11 को

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 अप्रैल को सुबह 7 बजे गांव डीघल स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल ब्लॉक स्तर पर चयनित कुल 11 टीमें भाग लेंगी, जिनमें सीनियर वर्ग की सात लड़के और लड़कियों की चार टीमें शामिल हैं।

### सुबह धूप तो दिन में हुई बूंदाबांदी, रात को बारिश

**बहादुरगढ़।** मार्च की तरह अप्रैल माह में भी मौसम बार-बार बदल रहा है। पहले ही सप्ताह में तेज गर्मी और बूंदाबांदी देखने को मिली है। मंगलवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहा। सुबह धूप निकली लेकिन दोपहर को मौसम बदल गया। आसमान में बादल छा गए और करीब दो बजे हल्की बरसात हुई। इसके बाद शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, देर रात झज्जर में तेज बारिश हुई और बादलों में बिजली कड़की। बुधवार को भी ऐसा ही परिवर्तनशील मौसम बने रहने के आसार हैं।

# जिंदगी पर भारी पड़ रहा तनाव, 19 दिन में 8 ने फांसी लगाकर दी जान

**विशेषज्ञों की राय- घर में या कोई मित्र गुमसुम रहे तो उससे बातचीत जरूर करें**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तनाव और मानसिक दबाव लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। आर्थिक तंगी व घरेलू कारण सहित अन्य वजहों से लोग अपना जीवन खत्म कर रहे हैं। बहादुरगढ़ इलाके में बीते 19 दिनों में आठ लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

छोटे से इलाके में कुछ ही दिनों में आत्महत्या का यह आंकड़ा झकझोरने वाला है। सोमवार छह अप्रैल की रात को गांव जाखोदा में 20 वर्षीय मोहित का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। अज्ञात कारणों के चलते युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इससे पहले पांच अप्रैल की शाम को एचएल सिटी निवासी 28 वर्षीय दिव्यांश ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जबकि तीन अप्रैल की सुबह एचएल सिटी के निकट खेतों में पेड़ पर 30 वर्षीय खिल्लू नाम के शख्स का शव फंदे पर लटका हुआ था। खिल्लू मध्य प्रदेश का रहने वाला था। गत 29 मार्च को दुल्हेड़ा में 44 वर्षीय राजेश का शव फंदे पर लटकता मिला। गत 31 मार्च को परनाला में यूपी मूल के 19 वर्षीय शिवम ने फंदा लगाया। वहीं 25 मार्च को छोटूराम नगर में विवेक नाम का युवक फंदे पर झूल गया।

गत 19 मार्च को आसौदा में 22 वर्षीय राखी की फंदा लगाने से मौत हुई तथा 18 मार्च को हरी नगर में 40 वर्षीय सोनू ने आत्महत्या की। इससे पहले भी बहादुरगढ़ में लगातार इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं। अधिकतर मामले प्रवासियों से जुड़े हैं।

### अकेलापन बड़ी वजह, परेशानी नहीं करते साझा



विशेषज्ञों की मानें तो आजकल अधिकतर व्यक्ति किसी तरह के मानसिक दबाव में हैं। कोई आर्थिक तंगी तो कोई पढ़ाई, आपसी रिश्तों, नौकरी आदि के चलते तनाव में है। इसकी एक बड़ी वजह अकेलापन भी है। अक्सर जब इंसान अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं कर पाता तो तनाव में घिर जाता है। ऐसी स्थिति में आसपास रहने वालों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अपने घर, परिवार में कोई व्यक्ति गुमसुम या तनाव में दिखे तो उससे बातचीत जरूर करें।

### बरहाना गांव में जलघर के प्रांगण में राजमिस्त्री ने फंदा लगा की आत्महत्या



**झज्जर।** अस्पताल में कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बरहाना में राजमिस्त्री का काम करने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय प्रदीप पुत्र रतन के तौर पर हुई है। प्रदीप विवाहित था और एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। मामले के जांच अधिकारी सतेंद्र ने बताया कि प्रदीप ने शाम को गांव के जलघर प्रांगण में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे तथा शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। मंगलवार को मृतक के पिता रतन के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कैमलगढ़ रोड पर मंदिर में साधु ने फांसी लगाकर किया सुसाइड



**झज्जर।** पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई करता पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** स्थानीय कैमलगढ़ रोड स्थित एक मंदिर में रहने वाले साधु ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कैमलगढ़ गांव निवासी कमलदास पुत्र केसर सिंह के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी रिंकू ने बताया कि बाबा कमलदास पिछले कई वर्षों से इस मंदिर में रह रहे थे। उन्होंने सोमवार की शाम अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। मृतक के चाचा प्रीतम व भाई जितेंद्र के बयान के पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है।

## अनाज मंडी में बारिश के बीच खुले में लगे गेहूं के ढेर, धीमे उठान से बढ़ी चिंता

# मंडी में आया 2.57 लाख क्विंटल गेहूं खरीदा 47 हजार, उठान सिर्फ 1191

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अनाजमंडी में धीमे उठान के चलते किसान और आढ़ती परेशान हैं। मंगलवार को हुई बरसात ने किसानों व आढ़तियों की चिंता और बढ़ा दी। दिन में हुई हल्की बरसात में तो किसी तरह गेहूं को ढकने का प्रबंध हो गया। इसमें गेहूं कम गीला हुआ, लेकिन रात में बरसात कहर बनकर टूटी। आढ़तियों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि वह खरीद के साथ-साथ उठान कार्य को भी गति दे। यदि आगामी दो दिनों तक उठान कार्य में तेजी नहीं आई तो अनाजमंडी परिसर में फसल की भरमार के चलते वाहनों के आवागमन में भी परेशानी बनेगी।

आढ़ती यूनियन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि बरसात में गेहूं भीगने से नमी की मात्रा में अधिकता आएगी। यदि आगामी दिनों में मौसम साफ रहता है तभी स्थिति सुधरेगी। ऐसे में आढ़तियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मौसम को देखते हुए नमी की मात्रा में कुछ राहत देते हुए न्यूनतम नमी को बारह प्रतिशत की बजाय चौदह प्रतिशत किया जाना चाहिए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक मंडी में गेहूं की आवक 257327 क्विंटल, खरीद 47743 व उठान केवल 1191 क्विंटल दर्ज किया गया है।

**39184 क्विंटल गेहूं की हुई आवक :** विभागीय आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को किसानों के 644 गेट पास बनाए गए तथा 39184 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि अभी तक कुल 4229 किसानों के गेट पास बनाए जा चुके हैं जिनसे 252327 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। सरकार द्वारा निर्धारित खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा 1191 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया है।

### बरसात बिगाड़ रही हालात : नमी की मात्रा 12 से 14 प्रतिशत करने की मांग



**झज्जर।** बरसात के समय गेहूं की फसल को तिरपाल से ढकने में जुटे श्रमिक।

### दुष्यंत चौटाला ने किया अनाज मंडी का दौरा



पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अनाज मंडी में किसानों और आढ़तियों से मुलाकात की और व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। बाद में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसे हालात देखने को मिल रहे हैं,जहां अनाज के ऊपर जेसीबी चलाई जा रही है। लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। मंडियों में न तो सही तरीके से खरीद हो रही है और न ही बारदाना व ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि अगले तीन दिन में बारिश होती है तो किसानों की फसल को भारी नुकसान होगा। उन्होंने सरकार से मंडियों से गेहूं का उठान करवाने की मांग की। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के 24 घंटे खरीद वाले बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि यह व्यावहारिक नहीं है और उन्हें अपने विभाग की वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में भी किसानों को इतनी परेशानी नहीं हुई जितनी आज हो रही है।

### किसानों ने की उठान में तेजी लाने की मांग

**बहादुरगढ़।** इलाके की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन उठान प्रक्रिया धीमी होने के कारण किसानों और आढ़तियों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 9 गेट पास कटे, जिसके तहत 314 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं, आसौदा मंडी में 119 गेट पास के माध्यम से 5553 क्विंटल फसल पहुंची। बहादुरगढ़ अनाज मंडी में कुल 2218 क्विंटल और आसौदा मंडी में 26461 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इस प्रकार दोनों मंडियों में कुल मिलाकर 28679 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। हालांकि, कुल आवक के मुकाबले सरकारी खरीद की रफ्तार काफी धीमी है। अब तक केवल 9114 क्विंटल गेहूं की ही सरकारी खरीद हो पाई है, जिससे मंडियों में फसल का ढेर लगना शुरू हो गया है। उठान प्रक्रिया में सुस्ती के चलते मंडियों के शेड में बड़ी मात्रा में गेहूं पड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि अचानक तेज बारिश होती है तो खुले में पड़ी फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों और आढ़तियों ने प्रशासन से मांग की है कि उठान और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

## सेक्टर-6 में क्राउन कैफे की रसोई में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



सेक्टर-6 मार्केट में स्थित क्राउन कैफे में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग कैफे की पहली मंजिल पर बने किचन में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया।

धुआं और लपटें उठती देख कैफे मालिक, स्टाफ और आसपास के दुकानदार तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक लोगों की मदद से आग काफी हद तक नियंत्रित की जा चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। किचन में रखे उपकरण और सामान को भारी नुकसान पहुंचा है।

## प्लास्टिक कबाड़ हटाने की चेतावनी, 3 झुग्गियां हटाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** एमआईई में प्लास्टिक कबाड़ हटवाने पहुंचे नप अधिकारी।

मंगलवार को नगर परिषद की टीम आधुनिक औद्योगिक संपदा इलाके में पहुंची और वहां अवैध रूप से प्लास्टिक कबाड़ रखने व बेचने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए तीन झुग्गियां हटाई और उन्हें पीवीसी कबाड़ को तुरंत हटाने की चेतावनी दी। पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु और सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा के नेतृत्व में नप टीम मंगलवार को एमआईई में पहुंची। यहां एक भूखंड पर पीवीसी कबाड़ का स्टॉक जमा था। इस अभियान के दौरान तीन अवैध झुग्गियां हटाई गईं। इसके अलावा प्लास्टिक कबाड़ का अवैध रूप से भंडारण करने वालों को भी सख्त निर्देश दिए गए कि वे जल्द से जल्द अपना सामान हटा लें, अन्यथा आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। नप अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## सड़क हादसों में चार लोगों ने गंवाई जान

### दादनपुर गांव के पास सड़क किनारे युवक को गाड़ी ने कुचला

**झज्जर।** गांव दादनपुर के नजदीक तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की



पहचान रेवाड़ी निवासी करीब 39 वर्षीय नवीन कुमार पुत्र महेश कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में दिपिन सोनी ने बताया कि सोमवार को वह अपने ताऊ के लड़के नवीन के साथ किसी निजी काम से रोहतक आया था। काम समाप्त कर जब वे दोनों मोटरसाइकिल पर वापिस रेवाड़ी जा रहे थे तो दोपहर बाद करीब सवा चार बजे जब वे दादनपुर गांव के पास पहुंचे। लघुशंका के चलते उन्होंने बाइक रोक ली। इस दौरान नवीन बाइक के पास खड़ा था, जबकि वह लघुशंका के लिए सड़क से नीचे उतर गया। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्विफ्ट गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मौत हो गई।

### तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय की जान गई

**झज्जर।** शहर के रेवाड़ी रोड स्थित बल्लूवाली कुई के नजदीक एक तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव सिलानी केशो निवासी दीपक के तौर पर हुई है। देवेंद्र पुत्र हरिकिशन ने बताया कि उसका बेटा दीपक एक निजी कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। सोमवार की रात वह अनाजमंडी आया हुआ था तो उसने अपने पुत्र दीपक चाहर को फोन किया। उसने फोन पर बताया कि वह रात दस बजे बल्लू कुई के पास मिलेगा। वह निर्धारित जगह उसका इंतजार करने लगा। इस दौरान जब दीपक अपनी बाइक पर आ रहा था तो तेज गति से आ रही सफेद रंग की कार टक्कर मारकर भाग गई। दीपक ने पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### केएमपी पर अपने ही डंपर की चपेट में आकर 6 बच्चों के पिता की मौत

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस वे पर हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वीडियो बनाते वक्त वह अपनी ही गाड़ी की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय हरिकर्ण के रूप में हुई है। वह मूल रूप से झांसी का रहने वाला था और पेशे से डंपर चालक था। वह साथी ड्राइवर अजयपाल के साथ डंपर में सवार होकर खरखौदा से मानेसर जा रहा था। रास्ते में मालिक का फोन आने पर आसौदा थाना क्षेत्र में केएमपी पर उन्होंने गाड़ी रोकी। हरिकर्ण पीछे से चेसिस की वीडियो बना रहा था। अजय पाल गाड़ी ऑपरेट कर रहा था। अजय पाल का कहना है कि हरिकर्ण वीडियो बना रहा था। उसी के कहने पर जैक नीचे किया। एकाएक हादसा हो गया और उसकी जान चली गई। हरिकर्ण छह बच्चों का पिता था। उधर, आसौदा पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। परिजनों के बयान व जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

### मारौत में टहलने गए व्यक्ति की गाड़ी की टक्कर से मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मारौत में शाम के समय घर से टहलने गए एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिस कारण लगी गंभीर चोटों के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में अंकित पुत्र रामनिवास ने बताया कि उसके पिता रामनिवास बीती पांच अप्रैल की शाम घर से टहलने के लिए निकले थे। जब वह देर तक वापिस नहीं लौटे तो वे तलाश करने पहुंचे। रात करीब सवा दस बजे उसके पिता सरकारी स्कूल के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में नाली में गिरे मिले। इसके बाद वे उन्हें उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुभाना के पास दो गाड़ियों की टक्कर में पांच लोग घायल

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के पास दो गाड़ियों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लुकसर निवासी रवि का कहना है कि वह अपनी कार में दीपक के परिवार के साथ बहादुरगढ़ से बादली जा रहा था। जब गुभाना में पहुंचे तो सामने से बोलेरो गाड़ी आई और सीधी टक्कर मारी। इस हादसे में मुझे, दीपक, दीपक की पत्नी व बेटे को चोट आई। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, बाहर निकलकर देखा तो टक्कर मारने वाली बोलेरो गाड़ी भी पलटी हुई थी, उसके चालक को भी चोट आई है। हमें राहगीरों ने संभाला और अस्पताल में भर्ती कराया। रवि की शिकायत पर फिलहाल दूसरी गाड़ी के चालक पर केस दर्ज किया गया है।

## गुरुग्राम के दौलताबाद में जयवीर अखाड़े के खिलाड़ी छाए

# तीन पहलवानों ने स्टेट चैंपियनशिप में जीते गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गुरुग्राम के दौलताबाद में हुई जूनियर अंडर-20 स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में यहां के तीन पहलवानों ने गोल्ड मेडल जीते। जीतकर लौटे पहलवानों का अखाड़े में जोरदार अभिनंदन किया गया। हरियाणा कुश्ती संघ की ओर से चार से पांच अप्रैल तक यह प्रतियोगिता कराई गई थी। जयवीर अखाड़े में अभ्यास करने वाले पारस ने 79, अरुण ने 86 और निखिल ने 92 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीते। पारस गांव रोहद, अरुण छुड़ानी और निखिल छोछी गांव से है। करीब छह साल से ये तीनों पहलवान जयवीर अखाड़े में अभ्यास करते हैं। पारस व अरुण पहले भी स्टेट में मेडल जीत चुके हैं, जबकि निखिल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुका है।



**बहादुरगढ़।** कोच जयवीर व अन्य के साथ विजेता पहलवान।

### पावर लिफ्टर सुनीता, सूरज व आशू ने जीते मेडल



**बहादुरगढ़।** दिल्ली में हुई स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रणवीर पावरलिफ्टिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिसकर्मी सुनीता धाकड़ ने 63 किग्रा और आरपीएफ जवान सूरज राणा ने 83 किग्रा ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि आशु ने 93 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक जीता। विजेताओं का ओमेक्स सिटी में स्वागत हुआ। कोच नीरज शर्मा ने बताया कि सुनीता और सूरज का चयन महाराष्ट्र में प्रस्तावित सीनियर नेशनल के लिए हुआ है। नरेश गहलोत, कुलदीप और संदीप ने भी विजेताओं को बधाई दी।

## मैडम नीतू के परिवार की जान बचाने वाले सचिन का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** गांव छुड़ानी में पहुंचे सचिन सहवाग का किया स्वागत।

बीती 30 मार्च को दिल्ली के मुखर्जी नगर में टीचर व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नीतू सिंह के घर भीषण आग लग गई। जब आग की लपटें तेजी से बढ़ रही थीं तो गांव छुड़ानी निवासी सचिन सहवाग और उनके मित्र साहिब ने अपनी जान की परवाह किए बिना भीषण आग में घुसकर नीतू सिंह, उनकी मां और बहन को सुरक्षित बाहर निकाला। इस शौर्य के बाद जब सचिन गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उसका स्वागत किया। प्रताप नंबरदार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बिल्लू ठेकेदार ने 11 हजार रुपये के नोटों की माला और शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। पूर्व सरपंच सत्ते समेत अन्य ग्रामीणों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। सचिन के पिता जोगेंद्र सहवाग और दादा रामकरण सहवाग का भी अभिनंदन किया गया।



# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगमी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।



## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था। मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।



### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### गांव लोहारहेड़ी से ट्रैक्टर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लोहारहेड़ी से ट्रैक्टर चोरी हो गया। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। गोरड़ गांव के निवासी प्रमोद का कहना है कि वह अपने ट्रैक्टर पर सवार होकर रोहद में जा रहा था। लोहारहेड़ी में पहुंचा तो टायर पंक्चर हो गया। इसके बाद मिस्त्री लेने हसनगढ़ चला गया। रात अधिक होने के कारण मिस्त्री नहीं मिला। इसके बाद वापस आ गया। देखा तो ट्रैक्टर नहीं मिला। कोई अज्ञात शाख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 96.26 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** आसौदा चौकी पुलिस ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फन टाउन के पास से काबू किए गए आरोपी की पहचान प्रिंस के रूप में हुई है। वह आसौदा का रहने वाला है। उसके पास से 96.26 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### सैर को निकले युवक को गाड़ी ने मारी टक्कर रोहतक पीजीआई रेफर

**झज्जर।** घर से सुबह की सैर को निकले एक युवक को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी विनोद पुत्र राजबीर ने बताया कि वह रविवार की सुबह करीब छह बजे अपने चचेरे भाई तनुज के साथ सुबह की सैर के लिए सांपला रोड पर घूमने निकला था। घूमने के बाद जब वे वापिस घर की तरफ लौट रहे थे तो सामने से तेज गति से आ रही सफेद रंग की गाड़ी ने तनुज को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तनुज सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद तनुज को उपचार के लिए गिरावड़ स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। अभी उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पटेल नगर में नौकर पर चोरी का आरोप

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के मकान में चोरी की वारदात हो गई। उसके मकान से सोने की दो चेन चुराई गई है। नौकर पर चोरी का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मंजीत का कहना है कि चार महीने पहले उसने उत्तराखंड के सूरज चंद को घरेलू काम के लिए रखा था। वह काम ठीक से नहीं कर रहा था तो गत दो अप्रैल को उसका हिसाब कर दिया। इसके बाद तीन अप्रैल को वह सामान लेकर चला गया। अब जब पांच अप्रैल को मैंने सोने की चेन लेने के लिए अलमारी का लॉकर खोला तो नहीं मिली। मेरी पत्नी की भी चेन गायब थी। दोनों चेन का वजन करीब 140 ग्राम है। मुझे शक है कि यह वारदात सूरज ने की है। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

### स्थानीय लोगों ने विधायक और डीएमसी का पगड़ी बांधकर किया सम्मान

# वार्ड 3 में 1.24 करोड़ से होंगे विकास कार्य: विधायक जून

- डीएमसी अभिनव सिवाच की मौजूदगी में विधायक राजेश जून ने छोटूराम नगर में भी साढ़े 6 लाख के विकास कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सुभाष नगर में विकास कार्यों का श्रीगणेश करते विधायक व डीएमसी।

एसडीएम एवं डीएमसी अभिनव सिवाच की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को विधायक राजेश जून ने लाइनपार के वार्ड नंबर-3 के सुभाष नगर में 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने विधायक और डीएमसी का पगड़ी बांधकर सम्मान किया और आभार जताया। पार्षद राजेश मकड़ौली सहित बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय निवासियों ने दोनों का स्वागत किया। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि सीएम नायब सैनी का बहादुरगढ़ हलके के साथ ही उन पर भी विशेष आशीर्वाद है। जिसके चलते लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। क्षेत्रवासी अपनी आवश्यकताओं से जुड़े प्रस्ताव लिखित रूप में दें, ताकि उनका एस्टीमेट बनाकर बजट स्वीकृत कराया जा सके। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से शहर की 13 अवैध कॉलोनियों को पक्का किया जा चुका है। सड़क, सीवर, पेयजल, लाइट व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में सुभाष नगर में 7 गलियों और नालियों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान वार्डवासियों ने सरकारी स्कूल की मांग भी रखी। विधायक ने कहा कि इसके लिए चिह्नित जमीन शीघ्र खाली करवाई जाएगी। ताकि जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूल का निर्माण हो सके। उन्होंने चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ वार्ड-9 के अंतर्गत छोटूराम नगर में लगभग साढ़े 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठेकेदारों को टेंडर की शर्तों के अनुसार उच्च गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।



बहादुरगढ़। सड़क रिपेयर कार्य शुरू करवाते दिनेश कौशिक व विनोद कौशिक।

### कुलासी से निलोठी रोड का मरम्मत कार्य शुरू

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक और मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने कुलासी से निलोठी सड़क के स्पेशल रिपेयर कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस कार्य पर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस दौरान मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, जेई निशांत सैनी व ठेकेदार सुरेंद्र भी मौजूद रहे। दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़कों का निर्माण और रखरखाव सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि कुलासी से निलोठी तक कुल 4460 मीटर सड़क की विशेष मरम्मत होगी। विनोद कौशिक ने कहा कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। जिसका सकारात्मक असर जनता के बीच साफ दिखाई दे रहा है। सरकार की नीतियों और कार्यों से प्रभावित होकर लोग भाजपा को लगातार समर्थन दे रहे हैं। इस अवसर पर सतीश शास्त्री, कलीराम शर्मा, दयादत्त, ऋषि डागर, योगेश डागर, राकेश, डा. पवन व विनय आदि मौजूद रहे।

### घायल भाई को समय पर इलाज नहीं मिला तो बिलख पड़ा प्रवासी



**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में अक्सर इलाज को लेकर अव्यवस्था सामने आ जाती है। मंगलवार को भी यहां ट्रामा सेंटर में ऐसा ही एक मामला देखने को मिला। घायल भाई को समय पर इलाज न मिलने पर एक प्रवासी युवक बिलख पड़ा। हालांकि बाद में स्वास्थ्य कर्मियों ने उसके भाई का इलाज शुरू किया। अस्पताल में अपने भाई को लेकर पहुंचे प्रवासी मनोहर ने कहा है कि वह कसार में रहता है। सोमवार की शाम को उसका भाई कृषनंदन फैक्ट्री से बाइक पर सवार होकर सब्जी लेने जा रहा था। कसार गांव के पास दुर्घटनावश बाइक गिरी तो उसका भाई घायल हो गया। उसे काफी चोट आई। तब उसे एक निजी चिकित्सक से इलाज दिलाया लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो मंगलवार की सुबह करीब पौने 11 बजे नागरिक अस्पताल में लेकर आए। यहां कार्ड तो बना लेकिन इलाज शुरू नहीं हुआ। भाई की हालत गंभीर होने के बावजूद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी इधर उधर भेजते रहे। काफी देर तक वे इधर-उधर भटकते रहे। हालांकि 12 बजे बाद जब वे पुनः एक कमरे में गए तो स्टाफ ने इंजेक्शन आदि देकर इलाज चालू किया।

### कपड़े उठाने पड़ोस में गया तो लोगों ने बंधक बनाकर पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में एक व्यक्ति को बंधक बनाकर पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पड़ोस में ही रहने वाले कुछ लोगों पर आरोप है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पहले वह अपने चाचा के घर गया था। तभी चाचा के लड़के की बहू ने आवाज लगाई कि बंदर कपड़े उठाकर ले गए। इस पर मैं अंदर गया तो बंदर छत पर थे। कुछ कपड़े बंदर पड़ोस के एक मकान में ले गए। मैंने वहां से कपड़े उठाए और उस मकान के मुख्य दरवाजे से निकल गया। इसके बाद उस मकान में रहने वाले लोग मेरे घर पर आए। दरवाजे पर लात मारकर अंदर घुसे और मुझे बाहर निकाल लिया। फिर मेरे पांव बांधकर बुरी तरह से मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट करने वालों में कुछ महिलाएं भी शामिल रहीं। इसके बाद मुझे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। अब पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# झाड़ोदा बॉर्डर पर रात को 398 वाहनों की जांच की



बहादुरगढ़। झाड़ोदा बॉर्डर पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

- नियमों की अवहेलना पर 48 के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस की ओर झाड़ोदा बॉर्डर पर देर रात विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। यह अभियान रात 11 बजे से मंगलवार सुबह चार बजे तक चला। कुल 30 पुलिसकर्मी तैनात रहे। नाकाबंदी के दौरान 398 वाहनों की गहन जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 48 चालान किए गए, जिनमें 5 ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले शामिल हैं, जबकि एक वाहन को इंपाउंड किया गया। अभियान का उद्देश्य अवैध हथियार, नशीले पदार्थों की तस्करी और चोरी के वाहनों पर अंकुश लगाना रहा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

# जरूरतमंद महिलाओं को दीं सिलाई मशीनें



बहादुरगढ़। जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें देते समिति पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सार्थक सेवा समिति द्वारा लाइनपार में जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गई। समिति अध्यक्ष नफे सिंह सार्थक ने बताया कि पूर्व पार्षद जसबीर सैनी की संस्तुति पर सार्थक परिवार ने ये सिलाई मशीनें वितरित की हैं।



झज्जर। प्रशिक्षणार्थियों के साथ उपस्थित निदेशक उमेश भूकर गोरिया। फोटो : हरिभूमि

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण लेने वाली युवतियों को दिए प्रमाण पत्र

**झज्जर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 35 दिन का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली युवतियों व महिलाओं को सौंदर्य एवं सौंदर्य उपचार से संबंधित आधुनिक तकनीकों जैसे स्किन केयर, हेयर कटिंग एवं स्टाइलिंग, मेकअप आर्ट, फेशियल, मेहंदी, ब्राइडल मेकअप एवं अन्य व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्थान निदेशक उमेश भुकर गोरिया ने बताया कि संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 75 अभ्यर्थियों को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल आधारित प्रशिक्षण ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है और ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें भविष्य में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर आशीष रोहिल्ला, सतपाल सिंह, आशीष शर्मा, कुसुम, प्रिया और शशी कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### खरहर की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले आशीष राठी

# टेंडर के 7 महीने बाद भी तालाब के सुधारीकरण का काम नहीं हुआ शुरू

> बरसात के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है, जिससे आसपास के लोगों का जीवन प्रभावित होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर-17 से सदस्य आशीष राठी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर गांव खरहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग रखी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री जल्द ही इन समस्याओं पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

आशीष राठी ने बताया कि गांव के मानेसर तालाब के सुधारीकरण का टेंडर करीब 7 महीने पहले स्वीकृत हो चुका है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है, जिससे आसपास के लोगों का जीवन प्रभावित होता है।





बहादुरगढ़। गांव खरहर की सड़क पर भरा पानी, सीएम को मांग पत्र सौंपते आशीष राठी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाने की मांग की। इसके अलावा आशीष राठी ने गांव खरहर में मातन मोड़ श्मशान घाट से दादा दियाला मंदिर तक जाने वाली खस्ताहाल सड़क का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने इस जर्जर सड़क को आरसीसी बनवाने की मांग की। राठी के अनुसार इस सड़क पर पूरे साल पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ नागरिकों की हुई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को हेल्थ चेकअप कैंप व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशानुसार शहर के वरिष्ठ नागरिक क्लब, जिला कारागार व बहादुरगढ़ में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविरों में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए उचित परामर्श भी दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई।



### छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** महिला थाना बहादुरगढ़ और दुर्गा शक्ति टीम ने राजकीय संस्कृति स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी गई। टीम ने क्राइम अगेंस्ट वूमेन, पोक्सो एक्ट, डायल 112 सेवा और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया। छात्राओं को आपात स्थिति में तुरंत 112 पर कॉल करने और अपराध की रिपोर्ट करने में संकोच न करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, आत्मरक्षा के आसान उपाय भी बताए गए और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया।



### 17 स्थानों पर दिया जा रहा जनगणना संबंधित प्रशिक्षण

**झज्जर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर जिलाभर में एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। ट्रेनिंग के दूसरे दिन मंगलवार को फील्ड ट्रेनरों ने गणना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। जिला में 17 स्थानों पर तीन दिवसीय ट्रेंनिग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े देश की भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम चरण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपादित किया जाए, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें।

### एसडीएम व नायब तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र




**बहादुरगढ़।** स्थानीय नंबरदारों ने अपनी मांगों को लेकर एसोसिएशन के प्रधान शतीश नंबरदार के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय व नायब तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा। नंबरदारों ने बहादुरगढ़ तहसील में रजिस्ट्री के पंजीकरण के दौरान एरिया के बाहर के नंबरदारों की गवाही पर रोक लगाने की मांग की। शतीश नंबरदार ने कहा कि जिस एरिया की रजिस्ट्री हो व उसमें गवाह उसी एरिया का नंबरदार होना चाहिए। नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार ने सभी नंबरदारों की मांगों को ध्यान से सुना और जायज मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर हुकम सिंह सांखोल, उमेद सिंह डाबोदा, जयभगवान लडरावण, नवीन दलाल मांडोठी, धर्म सिंह बालौर, सुरेंद्र जाखोदा, जोगेंद्र, दिनेश, राजेंद्र बराही, कृष्ण आसौदा, राजेश आसौदा, दलेल डाबोदा खुर्द, बिजेंद्र भापड़ौदा, अनिल सोलधा, रामनिवास बामड़ोली, करतार, सुखबीर नया गांव, मनजीत छारा, रविंद्र छारा, हवा सिंह भापड़ौदा, शक्ति लोहारहेड़ी, सतनारायण जसौरखेड़ी, रामफल, तारीफ, अश्वनी आदि मौजूद रहे।




### मंडियों में वेरिफिकेशन का काम तेजी से हो : डीसी

**झज्जर।** मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में रबी फसल खरीद एवं घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने निर्देश दिए कि फसल खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित हो ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ई-खरीद प्रक्रिया के अंतर्गत वेरिफिकेशन का कार्य समय रहते पूर्ण किया जाए ताकि मंडियों में अधिक आवक के समय जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, उन्होंने खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है, ऐसे में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।



झज्जर। मुख्यमंत्री राहत कोष के आवेदनों पर चर्चा करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद के लिए आए नौ आवेदन

**झज्जर।** गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के इलाज में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित 25 गंभीर बीमारियों की सूची के आधार पर जिले में प्राप्त हुए कुल नौ आवेदनों पर विचार किया गया। जिसमें जरूरी दस्तावेजों की पूर्ति या चिकित्सा सत्यापन के उपरांत निर्णय लिया जाएगा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष राज्य सरकार की एक संवेदनशील और जन-कल्याणकारी योजना है। जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद देना है।

**NOTICE**

I, Chief Petty Officer, (Retired) Jagmohan Service No. 097903H, R/o H.No. 94, Ground Floor, North Avenue-2, G+3, Sadbhawna Simmity, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar (Haryana) declare that the name of my wife has been mentioned as Nirmla Devi which is correct but, in my navy service record her name is mentioned as Nirmala Devi, So, I want to correct her name from Nirmala Devi to Nirmla Devi in my service record.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं कृष्णा देवी पत्नी श्री हरी राम निवासी मकान नंबर-820, वार्ड नंबर-1, गली नंबर-6, विकास नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पौत्र अंकित व हिमांशु पुत्रान स्व. सतीश मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अंकित व हिमांशु अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का इनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**NOTICE**

I, Savita W/o Ramniwas R/o Kalwan Pana, PS Asauda, VPO. Rohad Teh. Bahadurgarh Distt. Jhajjar, Haryana declare that I have lost my Registry No. JC302022C75, GRN No. 88821247, Dt. 30.03.2022, E-Chalan No. 0088821951, Old PID BGR/0004/0575, Registration No. IS12608, Dt. 31.03.2022. Somewhere in Municipal Council Bahadurgarh on 04.01.2026 at 10:00am.

**खबर संक्षेप**

### कृष्णा चौहान बनीं बसपा की जिला उपाध्यक्ष



**बहादुरगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक में कृष्णा चौहान को झज्जर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश महासचिव हेमचंद्र मेहरा व जिला अध्यक्ष सतबीर जाखौदा ने कृष्णा चौहान को पार्टी में पद ग्रहण करने पर बधाई दी है। साथ ही उम्मीद जताई कि उनकी अगुवाई में पार्टी में महिला शक्ति अधिक से अधिक संख्या में जुड़ेंगी और संगठन मजबूत होगा।

### एचडी स्कूल की हिमानी ऊंची कूद में रही तृतीय



**झज्जर।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित दिल्ली स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एचडी स्कूल साल्हावास की खिलाड़ी हिमानी ने ऊंची कूद में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कोच रवींद्र कुमार ने बताया कि हिमानी ने अंडर-16 आयुवर्ग में खेलते हुए 1.30 मीटर ऊंची कूद लगाकर तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया और ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्या प्रीति राठी ने हिमानी को बधाई दी।



### मौखिक स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी के राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस के तत्वावधान में मौखिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जसौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. पूजा व उनकी टीम ने छात्राओं को मौखिक स्वास्थ्य के महत्व, सही तरीके से ब्रश करने की विधि, दांतों की नियमित जांच तथा संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी। डॉ. पूजा ने बताया कि सही देखभाल के अभाव में दांतों से जुड़ी कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिनसे बचाव के लिए नियमित सफाई और समय-समय पर जांच आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ संदीप, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सुनैना, डॉ पूनम, डॉ सुनील, डॉ सुनील कुमार और डॉ अनिल आदि उपस्थित रहे।

## 2014 से पहले एमबीबीएस की 700 सीटें थीं, अब लगभग 2000 हो चुकी

# शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए खोले जा रहे स्कूल और कॉलेज : गोयल

**महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय के दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्राओं को दी डिग्रियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को डिग्री देते कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा लगातार नए स्कूल और कॉलेज खोले जा रहे हैं, ताकि हर बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। वर्ष 2014 से पहले जहां एमबीबीएस की केवल सात सौ सीटें थीं, वहीं आज यह संख्या बढ़कर लगभग दो हजार हो गई हैं। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वर्तमान प्रदेश सरकार की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने डिग्री हासिल करने वाली सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि डिग्री लेना बहुत बड़ी बात है, डिग्री मिलने से केवल विद्यार्थी ही नहीं उनके माता पिता भी गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने समारोह के दौरान स्नातकोत्तर व स्नातक उत्तीर्ण कर चुकीं छात्राओं को डिग्री प्रदान करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल, प्राचार्या नीलम गर्ग, प्रमोद बंसल, मनीष बंसल, केशव सिंगल, दिनेश गोयल, गोपाल गोयल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# बच्चे के वजन का 10 फीसदी से ज्यादा न हो बैग : बीईओ

- बीईओ ने स्कूलों की जांच के लिए 18 टीमें गठित की
- निजी स्कूल इसकी अनुपालना अवश्य करें



**बहादुरगढ़।** बच्चे के बैग का वजन चेक करते अध्यापक।

**बहादुरगढ़।** प्रदेश के शिक्षा विभाग ने स्कूल बैग के वजन की सीमा तय कर दी है। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए बैग का वजन बच्चे के शरीर के वजन से दस फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने कहा कि निजी स्कूल इसकी अनुपालना अवश्य करें। स्कूलों को निर्देश दे दिए गए हैं कि किसी विशेष दुकान से ड्रेस या अन्य सामग्री खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य न करें। यदि किसी स्कूल द्वारा अनावश्यक किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया जाता है तो इसकी सूचना संबंधित खंड शिक्षा कार्यालय अथवा जिला शिक्षा कार्यालयय को दें। बीईओ शेर सिंह ने बताया कि बहादुरगढ़ में निजी स्कूलों की जांच के लिए 18 कमेटियां गठित की गई हैं। जो जमीनी स्तर पर जाकर निजी प्रकाशकों की किताबें लगाने, मान्यता नियमों का पालन और दाखिला प्रक्रिया की जांच कर रही हैं।

# सजगता सबसे बड़ी औषधि : डॉ. जैन

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर करवाया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में डॉ. अजय जैन व बीके लवकेश के साथ ब्रह्माकुमारियां।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 स्थित सेवा केंद्र पर विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मुख्य संचालिका बीके अंजली दीदी की प्रेरणा से अग्रवाल कॉलोनी, सेक्टर-13, नई बस्ती, ओमेक्स सेंटर और सेक्टर-9 में भी स्वास्थ्य जागरूकता के विविध कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मिशन हॉस्पिटल एवं गुडनेस हॉस्पिटल के डायरेक्टर अजय जैन तथा प्राकृतिक चिकित्सक आचार्य बीके लवकेश ने आवश्यक जानकारी दी। सेवा केंद्र प्रभारी बीके विनीता दीदी ने चिकित्सक विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया। डॉ. अजय जैन ने कहा कि सजगता ही सबसे बड़ी औषधि है। उन्होंने कहा कि भूख का केवल 75 फीसद ही भोजन करना चाहिए। जमीन पर बैठकर भोजन करने से शरीर की पैनक्रियाज सक्रिय होती है। आचार्य बीके लवकेश ने बताया कि हाथों और पैरों के विशेष बिंदुओं को दबाने से कई पुरानी बीमारियों से निजात मिल सकती है। बीके लक्ष्मी दीदी ने प्रेरणादायक कविता सुनाई। उन्होंने कहा कि परमात्मा की याद से तन और मन दोनों को भरपूर रखा जा सकता है।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कंप्यूटर सेंटर व सिलाई कौशल प्रशिक्षण केंद्र में नया बैच शुरू

**बहादुरगढ़।** सांखौल के सूर्या सेवा केंद्र में संचालित कंप्यूटर सेंटर एवं सिलाई कौशल प्रशिक्षण केंद्र में नए बैच का शुभारंभ हुआ। कंवल कुमार ने बताया कि इस नए बैच में कुल 24 प्रशिक्षार्थियों ने प्रवेश लिया है, जो विभिन्न कौशलों को सीखकर भविष्य को सशक्त बनाएंगे। मनोज सोमवंशी ने कहा कि आज के समय में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में कंप्यूटर शिक्षा और सिलाई प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महानारायण ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करें।

# जीडी गोयनका में विद्यार्थियों को समझाया स्वास्थ्य का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में मौजूद डॉ. ज्योति मलिक, शैलजा जून व अन्य। फोटो : हरिभूमि

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि वक्ताओं के स्वागत के साथ हुई। विद्यालय की प्रिंसिपल ने स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संतुलित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वागत नृत्य ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ज्योति मलिक ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष जोर देते हुए स्वस्थ रहने की आदतें अपनाने की अपील की।

**स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास:** विद्यालय की निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बच्चों को एक स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए तैयार करना भी है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस: गांव नूना माजरा में लगे शिविर में जांचा 100 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गांव नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाराजा अग्रसेन सत नारायण गुप्ता अस्पताल के चिकित्सकों ने छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा और जरूरी सलाह दी।

शिविर में डॉ. प्रशन्ना राज, डॉ. दीक्षा, डॉ. लोकेश, डॉ. प्रीति, डॉ. सोनल, डॉ. विक्रम, डॉ. दीपक यादव अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। इससे छात्राओं व ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सीख मिली। शिविर में विद्यालय की छात्राओं, स्टाफ व ग्रामीणों के वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन जांच, नेत्र परीक्षण तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। लगभग 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। सरपंच जयभगवान जांगड़ा ने कैंप के आयोजन को सराहा।

### एड्स को लेकर किया जागरूक

इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया और लोगों को एचआईवी एड्स से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने का प्रण किया। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच स्वस्थ जीवन के प्रमुख आधार हैं।

# सूहरा में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का 400 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** शिविर में महिला की दंत जांच करते हुए चिकित्सक।

- जांच के दौरान 46 मरीजों को नि :शुल्क चश्मे प्रदान किए गए

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में रिलायंस फाउंडेशन एवं मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप द्वारा क्षेत्र के गांव सूहरा स्थित बाबा रामदास मंदिर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में 400 से अधिक ग्रामीणों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में एसजीटी यूनिवर्सिटी से डॉक्टर मीनाक्षी एवं उनकी टीम ने सेवाएं दीं । जिसमें नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, सामान्य रोग जांच, स्त्री रोगों की जांच की गई। इस दौरान 115 लोगों ने नेत्र जांच, 53 ने दंत जांच, 129 लोगों ने सामान्य स्वास्थ्य जांच, 53 ने प्राकृतिक चिकित्सा एवं 52 महिलाओं ने स्त्री रोग संबंधी जांच का लाभ उठाया। नेत्र जांच के दौरान 46 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा मोतियाबिंद से पीड़ित सात लोगों की निःशुल्क सर्जरी रिलायंस के सहयोग से कराई जाएगी। इस दौरान नेत्र चिकित्सक सुनील दत्त, स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉक्टर तनवी व विपिन, सामान्य ओपीडी में डॉक्टर अशोक, प्रिंस व नरेश, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में डॉक्टर ज्योति, आशीष एवं सोमवीर ने लोगों की जांच के साथ-साथ उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया। इस मौके पर रिलायंस की ओर से नीलम सिंह, चंचल, अक्षय धनखड़, राजकंवर, वीरूमल, जगत, हरपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**अमेरिका-ईरान युद्ध के प्रभाव की चर्चा**

# समूह चर्चा में संजू-शिल्पी प्रथम सिमरन और अंतिम द्वितीय रहे

- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की शिल्पी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की कविता ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष की संजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिका-ईरान युद्ध का प्रभाव और इसके संभावित समाधान पर समूह चर्चा और भारतीय अर्थव्यवस्था का वर्तमान परिदृश्य विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समूह चर्चा में बीए प्रथम वर्ष की संजू और शिल्पी ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की सिमरन और अंतिम ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष की करिश्मा और कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉक्टर मनोज ने बताया कि समूह चर्चा में विद्यार्थियों ने अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रभाव, मुद्रास्फीति की आशंका, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान तथा भारत जैसे विकासशील देशों पर पड़ने वाले आर्थिक दबावों का गहन विश्लेषण किया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के संघर्ष का सीधा प्रभाव भारतीय आयात-निर्यात संतुलन, चालू खाता घाटा तथा रुपये की विनिमय दर पर पड़ सकता है। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की शिल्पी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की कविता ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष की संजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान परिदृश्य को अत्यंत रचनात्मक एवं तथ्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।



**झज्जर।** मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला । फोटो : हरिभूमि

### पांच राज्यों में चुनाव के बाद देश में बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम : दुष्यंत

**झज्जर।** आगामी दिनों में होने वाले पांच राज्यों के चुनाव को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निशाने पर कांग्रेस और भाजपा दोनों राष्ट्रीय पार्टियां आ गई है। उन्होंने वहां के मतदाताओं से इन चुनावों में वहां की क्षेत्रिय पार्टियों को जिताने की अपील की है। दुष्यंत चौटाला मंगलवार को जेजेपी के बैकवर्ड सैल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल कहा करते थे कि क्षेत्रिय पार्टियां एक तरह से ओरिजनल पार्टियां होती है और वहीं अपने मतदाताओं का दुख-दर्द समझ सकती है। इसीलिए वह चाहते है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में वहां की क्षेत्रिय पार्टियां जीतकर आए और वहां की सरकारों का नेतृत्व करे। उन्होंने इन पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होते ही देश में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो इसकी मार किसान और आमजन दोनों को झेलनी पड़ेगी। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राजेंद्र लित्तानी, राजेश सैनी, राकेश जाखड़, संजय दलाल, मनोज पांचाल, उपेंद्र कादियान, शीला गोदारा, अजय गुलिया, डॉक्टर विकास पाराशर , मिंटू ठेकेदार, काला रोहद, भूपेंद्र गहलावत, कृष्ण सिलाना,धर्मेंद्र गुलिया आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कैंप में छात्राओं का पंजीकरण व जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### वैश्य आर्य कन्या कॉलेज में जांच शिविर, 200 छात्राओं ने उठाया लाभ

**बहादुरगढ़।** शहर के वैश्य आर्य कन्या कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक्शन बालाजी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य जांच करते हुए आवश्यक परामर्श दिया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मातृ-शक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए ताकि वह समाज और परिवार के स्वास्थ्य को बेहतर बना सके। उनके साथ उनकी टीम में डॉ. मोहित चौधरी, खुशबू व रोहित मौजूद रहे। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और समाज को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा व एनएसएस अधिकारी डॉ. नेहा नैन की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन डॉ. दीपिका यादव द्वारा किया गया। शिविर में बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के संयुक्त सचिव एमसी जोशी, भाविप अध्यक्ष रमेश गुप्ता, शाखा सचिव विजय पुन्हानी, डॉ. सुजाता, डॉ. मंजीत, डॉ. कुसुम, प्रवेश व शिखा तिवारी समेत लगभग 200 छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई।